## संक्षिप्त

### भंडारा व मूर्ति स्थापना आज

**बोराज, (निसं)।** कस्बे में नवनिर्मित सीताराम जी मंदिर में चल रहे पंच दिवसीय मूर्ति स्थापना महोत्सव में रविवार को श्री राम कथा ,हवन यज्ञ, व भजन संध्या का आयोजन हुआ। यज्ञ आचार्य कृष्ण अवतार शास्त्री ने बताया कि हवन यज्ञ के दौरान नवीन मूर्तियों का निर्माण दोष निवारण, अग्नि तपन, महास्नान एवं शिखर कलश व शिखर ध्वजा की प्राण प्रतिष्ठा एवं अभिषेक विद्वान पंडितों द्वारा वैदिक मंत्रों द्वारा विधि विधान से की गई। महोत्सव के मुख्य यजमान बोराज ठाकुर त्रिवेन्द्र सिंह ने 1 लाख 51 हजार की लागत से निज मंदिर व वेदी जहां सीता राम जी की मूर्तियां स्थापित की जाएगी उसको स्वर्ण जड़ित करवा कर सजाया गया।

### मूर्तियों को नगर भ्रमण कराया

**श्रीमाधोपुर, (निसं)।** कस्बा श्रीमाधोपुर की अनाज मंडी के पास स्थित नवोड़ी कॉलोनी में निवासियों द्वारा सामूहिक सहयोग से बने मंदिर की मूर्तियों को रविवार को नगर भ्रमण कराया गया। मंदिर समिति के अध्यक्ष गोरधन लाल पूनिया ने बताया कि मंदिर में शिव पंचायत, राधा कृष्ण और बजरंग बली की मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा की जाएगी। समिति सदस्य नाथूलाल बजाज ने बताया कि इस अवसर पर विनोद काछवाल और दिनेश मावलिया ने नोलखेश्वर महादेव मंदिर में सपत्नीक मूर्तियों की पूजा की इसके बाद 101 महिलाओं द्वारा निकाली गई कलश यात्रा के साथ मूर्तियों को नगर भ्रमण कराया।

### पेयजल सप्लाई बाधित रहेगी

**किशनगढ़ बास, (निसं)।** कस्बे में अनेक कॉलोनी मोहल्लों में सोमवार को पेयजल सप्लाई विद्युत कटौती होने के कारण बाधित रहेगी। जन अभियांत्रिकी विभाग के सहायक अभियंता प्रदीप शर्मा ने बताया कि रविवार को विद्युत कटौती के कारण सोमवार को कस्बे के तिजारा रोड अनाज मंडी तक भूर पहाड़ी बांसड़ा व गंज क्षेत्र सरकारी आवासों तक की पेयजल सप्लाई नहीं हो सकेगी।

# रोडवेज बसों के संचालन के बाद ग्रामीणों का धरना समाप्त

**नारायणपुर, (निसं)।** ग्रामीणों द्वारा मुख्य बस स्टैण्ड पर दिया जा रहा धरना रविवार को पांच सूत्रीय मांगों पर सहमति बनने के बाद तीसरे दिन समाप्त हुआ।

बता दे कि ग्रामीणों द्वारा मुख्य बस स्टैण्ड से रोडवेज बसों की संचालन की मांग को लेकर 10 मार्च से पांच सूत्रीय मांगों को लेकर धरना-प्रदर्शन किया जा रहा था। मत्स्य नगर डिपो द्वारा बस

- **रोडवेज बस स्टैंड से बसों के संचालन सहित पांच सूत्रीय मांगों पर सहमति बनी**

स्टैण्ड से रोडवेज बसों की संचालन शुरू होने के साथ ग्रामीणों की पांच सूत्रीय मांगों पर सहमति बनने के बाद सरपंच प्रतिनिधि भवानीशंकर सैनी व वार्ड पंचों द्वारा धरने पर बैठे ग्रामीणों को माला पहनाकर धरना समाप्त कराया। मत्स्य नगर डिपो एटीआई वेदराम शर्मा ने बताया कि मुख्य बस स्टैण्ड से रोडवेज बसों का संचालन शुरू हो गया। बुकिंग क्लर्क के रूप में हरिराम गुर्जर को लगाया गया है। बस स्टैंड से बसों का संचालन शुरू होने पर ग्रामीणों ने रोडवेज बस के ड्राइवर और कंडक्टर को माला पहनाकर भव्य स्वागत किया। इस दौरान ग्रामीणों ने बस स्टैण्ड पर पेयजल व्यवस्था, सुलभ शौचालय सहित मूलभूत सुविधाओं का ज्ञापन सरपंच प्रतिनिधि को दिया। इस मौके पर वैद्य भवानीशंकर शर्मा, मोनू शर्मा, सुनील शर्मा, अधिवक्ता कमलेश शर्मा, धुडाराम यादव, जयराम सैनी, हनुमान पापट्यान, सुरेन्द्र शेखावत, दिनेश जाट सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।



**ग्रामीणों द्वारा मुख्य बस स्टैण्ड पर दिया जा रहा धरना तीसरे दिन समाप्त हो गया।**

## विवाहिता से दहेज के लिए मारपीट की

**दूदू, (निसं)।** अदिती दाधीच पुत्री शिवराज शर्मा निवासी दूदू ने बताया कि मेरा विवाह 6 फरवरी 2017 को राजेश दाधीच पिता नन्द किशोर दाधीच डांग वाले हाल निवासी श्रीराम पुरी झोटवाड़ा जयपुर निवासी के साथ संपन्न हुआ।

शादी के कुछ समय बाद से ही मेरी सास उषा देवी, ननद कमलेश, ससुर नंद किशोर दाधीच व पति ने दहेज के लिए मारपीट व गाली गलौच करते है। इस पर मेरे घर वालों व रिस्तेदारों ने 3 बार उन्हें समझाया पर इसके उपरांत भी 6 मार्च 2023 को सास ससुर ननद ने गाली गलौच करके मेरे पति को यह कहकर बाहर चले गए कि इसको अच्छी तरह से मार मारना। इस पर मेरे पति ने मुझे बेरहमी से मारा। जब मुझे होश आया तो बाहर जाकर किसी के फ़ोन से मेरे घर वालों को सूचना दी कि यह मुझे बेरहमी से मार रहा है। मेरे पति जब मुझे बाहर से लाने भगा तो में अंदर आकर गेट बंद करके पुलिस हेल्पलाइन 100 नम्बर पर डायल किया जिससे झोटवाड़ा पुलिस ने आकर मेरी जान बचाई व मेरे घर वालो के साथ दूदू भेजा दूदू थाने में मेरा लगी हुई चोटो का मेडिकल करवाकर दहेज मारपीट व घरेलू हिंसा का मुकदमा दर्ज करवाया।

## सार-समाचार

### विकास कार्यों का शिलान्यास किया



**अलवर, (निसं)।** सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री टीकाराम जूली ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा विकास को गति देने एवं सभी वर्गों के हितों को ध्यान में रखते हुए ऐतिहासिक बजट पेश किया जो पूरे देश में नजीर बना है। मंत्री जूली आज अलवर ग्रामीण विधानसभा क्षेत्रा के उमरैण ब्लॉक में राजकीय प्रथम श्रेणी पशु चिकित्सालय के नवनिर्मित भवन, राजकीय बालिका माध्यमिक विद्यालय उमरैण को राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय में क्रमोन्नत, उमरैण पीएचसी को सीएचसी में क्रमोन्नत होने पर, ब्लॉक आयुष चिकित्सालय के लोकार्पण तथा अलवर-शाहपुरा माचडी की ओर सडक एवं उमरैण में खेल स्टेडियम निर्माण कार्य के शिलान्यास के दौरान उपस्थित लोगों को सम्बोधित कर रहे थे।

### नेहा चतुर्वेदी का सम्मान किया

**सुरेर, (निसं)।** सामाजिक सरोकार निभाने से लेकर, गौसेवा, पक्षियों को दाना पानी की व्यवस्था, पौधारोपण, गरीब जरूरतमंद लोगों को सहयोग करने के साथ साथ महिलाओं के साथ सदैव कंधा से कंधा मिलाकर खड़ी रहने वाली राष्ट्रीय महिला जागृति मंच राजस्थान प्रदेश अध्यक्ष नेहा चतुर्वेदी का शनिवार को जयपुर में शक्ति स्वरूपा सम्मान से नवाजा गया। जयपुर के गोनेर रोड स्थित जयपुर हैरिटेज होटल में आयोजित शक्तिस्वरूपा एवं कार्यक्रम में ऐसी महिलाओं को सम्मान से नवाजा गया जिन्होंने मानव सेवा से लेकर महिलाओं के लिए कार्य कर अपनी एक अलग पहचान बनाई हो। कार्यक्रम में दौसा जिले के बसवा उपखंड क्षेत्र के छोटे से गांव में रहने वाली राष्ट्रीय महिला जागृति मंच राजस्थान प्रदेश अध्यक्ष ने एक अलग ही पहचान बनाई है जिसके चलते चतुर्वेदी को क्षेत्र ओर जिले में नहीं अपितु अन्य प्रदेश के लोग भी उन्हें उनके द्वारा किए जाने वाले कार्यों से जानते हैं। ऐसे में नेहा चतुर्वेदी को रविवार को सैकड़ों महिलाओं की उपस्थिति में शक्तिस्वरूपा सम्मान से नवाजा गया है।

### फोटो व वीडियोग्राफी पर प्रतिबंध

**मालपुरा, (निसं)।** डिग्गी कल्याण मंदिर ट्रस्ट ने रविवार को आवश्यक बैठक आयोजित कर मंदिर की सुरक्षा व्यवस्थाओं को मध्यनजर रखते हुए मंदिर में फोटो व वीडियोग्राफी पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने का निर्णय लिया। मंदिर ट्रस्ट मंत्री जयप्रकाश शर्मा ने बताया कि देश व प्रदेश के धार्मिक स्थलों पर हो रही चोरी, लूट व डकैती के साथ-साथ मंदिरों में बढ़ते फोटो व वीडियोग्राफी के चलन से मंदिरों की सुरक्षा व व्यवस्थाओं में चूक जैसे उजागर होते मामलों को गंभीरता से लेते हुए रविवार को ट्रस्ट की बैठक आयोजित की गई। बैठक में मौजूद ट्रस्ट के सदस्यों ने डिग्गी कल्याणधणी के मंदिर में भी सुरक्षा की दृष्टि से फोटो व वीडियोग्राफी पर प्रतिबंध लगाने का निर्णय ले मीडिया को अवगत करवाया गया। साथ ही बताया कि ट्रस्ट के आदेश व व्यवस्थाओं का उल्लघंन करते पाये जाने पर मोबाईल अथवा कैमरा जप्त करने का भी निर्णय लिया गया।

### गौसेवा कर वैवाहिक वर्षगांठ मनाई

**पावटा, (निसं)।** गौ माता के पालन और सेवा में हजारों रोगों की दवा है। जिस घर में गौमाता है उस घर में दवा का कोई काम नहीं है। यह बात संकल्प हरियाली समिति संयोजक एवं राष्ट्रीय नाई महासभा के प्रदेश सचिव नीरज सैन ने अपनी 18वीं वैवाहिक वर्षगांठ पर सपत्नी तथा परिवारजन एवं इष्ट मित्रों सहित जयसिंहपुरा नदी क्षेत्र में खुले में विचरण कर रही गौ माताओं की सेवा करते हुए कही। सेन ने कहा की वर्तमान समय में घरों में किसी भी प्रकार के मांगलिक कार्यों के अवसर पर लोग लाखों-करोडों रुपये खर्च कर देते हैं। यदि उस धनराशि का छोटा सा हिस्सा भी गौ माता या अन्य बेजुबान पशु-पक्षी एवं जरूरतमंद गरीब लोगों की सेवा में लगाएं तो उसका अधिक पुण्य प्राप्त होगा। इस अवसर पर डॉ. अशोक जाट, निलेश चौधरी, लोकेश टांक, राहुल सिंघल सहित बडी संया में समिति सदस्य उपस्थित रहे।

### भूपेंद्र शर्मा अध्यक्ष निर्वाचित

**राजगढ़, (निसं)।** कस्बे के पंचायती पुस्तकालय एवं वाचनालय वर्ष 2023-24 की कार्यकारिणी के चुनाव निर्वाचन अधिकारी अशोक कुमार शर्मा की देखरेख में संपन्न हुए। चुनाव में एडवोकेट भूपेंद्र शर्मा अध्यक्ष निर्वाचित हुए। निर्वाचन अधिकारी अशोक कुमार शर्मा रिटायर्ड प्राचार्य ने बताया की अध्यक्ष पद पर एडवोकेट भूपेंद्र शर्मा निर्वाचित हुए। उपाध्यक्ष पद पर तीन उम्मीदवार नंद लाल बैरवा, राम रतन तांबी, एवं प्रवीण कुमार शर्मा, को निर्वाचित घोषित किया गया। सचिव पद पर शेखर तमोली व कोषाध्यक्ष पद पर प्रेम नारायण मीणा को निर्विरोध निर्वाचित घोषित हुए। ।उप कोषाध्यक्ष पद पर शेखर वशिष्ट को निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया। । निर्वाचन अधिकारी अशोक कुमार शर्मा रिटायर्ड प्राचार्य ने सभी निर्वाचित सदस्यों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई और निर्वाचित घोषित होने पर प्रमाण पत्र दिए।

### बैरवा समाज की बैठक संपन्न

**निवाई, (निसं)।** संयुक्त बैरवा महासभा के तत्वावधान में रविवार को बैरवा धर्मशाला में बैठक आयोजित हुई। जिसमें समाज द्वारा आयोजित होने सामुहिक विवाह सम्मेलन को स्थिगित करने का सर्व सम्मति से निर्णया लिया गया। कार्यक्रम संयोजक राम दयाल गुणावत ने बताया कि बैरवा समाज नि:शुल्क सामूहिक विवाह सम्मेलन को किन्ही कारणो से स्थिगित कर दिया गया था। अब नि:शुल्क सामूहिक विवाह सम्मेलन 22 अप्रेल को आयोजित किया जाएगा। बैठक में रामदयाल गुणावत, रामस्वरूप बैरवा, बनवारीलाल गोठवाल, पूर्व प्रधानाचार्य रामदयाल बैरवा, अशोक बैरवा, लादूलाल बैरवा, धन्नालाल बैरवा, जगदीश बैरवा आदि मौजूद थे।

## महायज्ञ को लेकर भूमि पूजन किया


**मनोहरपुर, (निसं)।** शाहपुरा शहर के समीप खोरी ग्राम के परमानंद धाम पर 9 अप्रेल को होने वाले 108 कुंडीय श्रीसीताराम महायज्ञ को लेकर रविवार को त्रिवेणीधाम के खोजीद्वाराचार्य रामरिछपालदासजी महाराज के सान्निध्य में भूमि पूजन कर ध्वज पताका की स्थापना की गई। कार्यक्रम में कई संत महात्माओं सहित कई जनप्रतिनिधियों ने शिरकत कर आशीर्वाद लिया। प्रहलाद कोतवाल ने बताया कि कार्यक्रम में महामंडेलश्वर हरिदासजी महाराज, कुंडाधाम के प्रहलादासजी, रामचरणदास, बनारसी दास, प्रभुदास, दशरथदास, बलरामदास, मुरलीधर सहित कई संत महात्मा पधारे। ध्वज स्थापना कार्यक्रम में विधायक आलोक बेनीवाल, प्रदेश कांग्रेस कमेटी सदस्य मनीष यादव, चेयरमैन बंशीधर सैनी, प्रधान मंजू शर्मा, कांग्रेस नेता प्रवीण व्यास, भाजयुमो के पूर्व प्रदेश महामंत्री देवायुष सिंह, प्रीति चौधरी, किरण शर्मा, सरपंच मेवा देवी बुनकर सहित कई जनप्रतिनिधियों ने शिरकत कर महाराज से आशीर्वाद लिया।

# संस्कृत विद्यालय में वार्षिकोत्सव व भामाशाह सम्मान समारोह आयोजित

**श्रीमाधोपुर, (निसं)।** निकटवर्ती ग्राम अरनिया के नव क्रमोन्नत राजकीय उच्च प्राथमिक संस्कृत विद्यालय कुलडा का टीबा अरनिया में भामाशाह द्वारा बैग वितरण, वार्षिकोत्सव, भामाशाह सम्मान समारोह तथा पूर्व विद्यार्थियों का सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता भागीरथ मल यादव पूर्व प्रधान पंचायत समिति श्रीमाधोपुर ने की, मुख्य अतिथि बालेन्दु सिंह शेखावत पूर्व पीसीसी सचिव जयपुर, विशिष्ट अतिथि घासी लाल यादव प्रधान प्रतिनिधि पंचायत समिति श्रीमाधोपुर अशोक तिवाडी मऊ प्रदेश अध्यक्ष राजस्थान संस्कृत शिक्षा विभाग राजस्थान जयपुर, संकुल प्रभारी राजेंद्र प्रसाद रैगर प्रधानाचार्य मूंडरू , शंकर लाल यादव प्रतिनिधि पंचायत समिति सदस्य अरनिया, जमन लाल यादव पूर्व पंचायत समिति सदस्य अरनिया, पी ई ई ओ रा. उ. मा. वि अरनिया, हरलाल यादव अध्यक्ष सहकारी समिति अरनिया, जगदीश प्रसाद यादव मुण्डरू, भामाशाह सरदारमल जाजिम, रामदेव जाजिम , नानू राम यादव, सुरेन्द कुमार जाट प्रधानाध्यापक डाबर का बालाजी, रामेश्वर प्रसाद सैनी सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य, प्रभाती लाल सैनी सेवानिवृत्त अध्यापक, कालूराम सैनी आदि के सानिध्य में वार्षिक उत्सव, भामाशाह द्वारा बैग वितरण व सम्मान समारोह आयोजित किया गया। वहीं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। रामदयाल सैनी प्रधानाध्यापक राजकीय उच्च प्राथमिक संस्कृत विद्यालय कुलडा का टीबा अरनिया ने पिछड़े एवं गरीब तबके क्षेत्र में स्थित विद्यालय की मूलभूत समस्याओं के विषय पर ध्यान आकर्षित किया ।

दीपेंद्र सिंह शेखावत विधायक श्रीमाधोपुर के प्रयासों से कुछ दिन पहले विद्यालय क्रमोन्नत करवाया गया था।इसके लिए क्षेत्रवासियों ने आभार प्रकट किया। कार्यक्रम का मंच संचालन लक्ष्मी नारायण सैनी ने किया इस अवसर पर पहलाद सहाय जाट , कमलेश कुमार यादव , कमल किशोर शर्मा, कानाराम यादव, जगदीश प्रसाद यादव , सोहन लाल अरनिया, किशन सिंह शेखावत, तेजपाल यादव ,माली राम यादव ,गिरधारी लाल सैनी, श्रवण कुमार सैनी ,भगवान सहाय वर्मा, कालूराम सैनी, किशन लाल कुमावत ,रामकली यादव, अंकित यादव, दीपचंद वर्मा ,राजू यादव, कौशल्या यादव, ममता यादव ,अनीता यादव, सुनीता यादव आदि उपस्थित रहे।



**समारोह में भामाशाह ने बच्चों बैग वितरित किये।**

# चौमूं विधायक ने सड़क का शिलान्यास किया

**चौमूं/कालाडेरा, (निसं)।** कांग्रेस के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने पिछले चार वर्षों में जनता से लूट मचाने का काम किया है, ये बात चौमूं विधायक रामलाल शर्मा ने ग्राम पंचायत घिनोई में आयोजित शिलान्यास समारोह में कही।

ग्राम पंचायत घिनोई में आथुना बाढ तक सार्वजनिक निर्माण विभाग द्वारा बनने वाली सड़क का शिल्यान्यास विधायक रामलाल शर्मा एवं पंचायत समिति गोविन्दगढ प्रधान रामस्वरूप यादव ने किया। उक्त सड़क 1.50 किमी लंबी बनाई जाएगी जिसमें 57.12 लाख रुपये खर्च होंगे। विधायक रामलाल शर्मा ने कांग्रेस के नेताओं और कार्यकर्ताओं पर गंभीर

- **कांग्रेस के नेताओं ने पिछले 4 सालों में जनता से लूट मचाई है : शर्मा**

आरोप लगाते हुए कहा कि उन्होंने पिछले चार वर्षों में ट्रांसफर उद्योग के नाम पर जनता से लूट मचाई है और आने वाले समय में जनता इसका जवाब वोट की चोट देकर देगी। उन्होंने कहा हमारा प्रयास होता है कि आमजन की समस्याओं को प्राथमिकता के साथ पूरा किया जाये और इस दिशा में मेरा निरंतर प्रयास जारी है। पंचायत समिति प्रधान रामस्वरूप यादव ने कहा कि विधायक रामलाल शर्मा के अथक प्रयासो से आज क्षेत्र में विभिन्न विकास कार्यों का विकास कार्य प्रगतिशील है।

इस मौके पर घिनोई सरपंच एकता कँवर, पंचायत समिति गोविन्दगढ की उपप्रधान कमला चौधरी, कालाडेरा मण्डल अध्यक्ष बनवारी शर्मा, एसटी मोर्चा अध्यक्ष व विमलपुरा के पूर्व सरपंच रामगोपाल मीणा, पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधी महेश बुनकर,जगदीश क़रीरा, डोलाका बास सरपंच सुल्तान बुनकर, शंकरलाल यादव, बंशीधर मंडल, बनवारी खेरवाल, श्यामलाल, प्रहलाद सहाय, रामनिवास खेरवाल, अमरचंद, ओमप्रकाश जांगिड़, चोथूराम, कालूराम, ओमप्रकाश सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## विप्र महाकुंभ के लिए समाज के लोग रवाना

**मंडावरी, (निसं)।** मेहंदीपुर बालाजी धाम की पावन भूमि पर आयोजित हो रहे विशाल विप्र महाकुंभ में कस्बे से रवाना होने से पहले मंडावरी लालसोट रामगढ़ पचवारा सहित विभिन्न जगहों पर विप्र जनों ने पहले मंत्रोच्चार के साथ धार्मिक गर्जना कर विप्र महाकुंभ का आगाज किया। विप्र महाकुंभ में विभिन्न जगहों से वाहनों में सवार होने से पहले विप्र जनों द्वारा मंत्रोचार के साथ समाज के आराध्य भगवान परशुराम के जयकारे लगाए। रविवार को निर्धारित जगहों से सैकड़ों की संख्या में मेहंदीपुर बालाजी धाम पर आयोजित हो रहे विप्र जन बसों में भरकर विप्र महाकुंभ कार्यक्रम स्थल पहुंचे। मंडावरी कस्बे में विप्र महाकुंभ में रवाना होने के दौरान मंडावरी ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष सीताराम ढन्ढ उपाध्यक्ष हुकम हिन्डोनिया कोषाध्यक्ष रमेश ढन्ढ कैलाश पान वाले मनोज तिवारी सहित सैकड़ों की संख्या में भी परिजन मौजूद रहे।

# सांभरझील में पर्यटन व देवस्थान कार्यालय खोलने की मांग

**सांभरझील, (निसं)।** सांभर ऐतिहासिक पौराणिक नगरी में स्थित धार्मिक स्थलों के रखरखाव आदि के लिए पर्यटन व देवस्थान विभाग की शाखाएं खोले जाने के लिए वाइस चेयरमैन नवल किशोर सोनी ने मुख्यमंत्री अशोक गहलोत से अनुरोध किया है।

प्रदेश भर में प्रसिद्ध देवयानी तीर्थ स्थल को पुष्कर तीर्थ स्थल की तर्ज पर पहचान दिलाई जाने के लिए इसके लिए ठोस कदम उठाए जाने की भी मांग की गई है। सोनी ने इसके लिए पत्र के साथ फोटोग्राफ्स भिजवाते हुए सरकार से अनुरोध किया है कि वर्तमान में सांभर को पर्यटन स्थल का दर्जा तो मिल चुका है लेकिन उसी अनुरूप सौन्दर्यीकरण एवं मार्गों का दुरुस्तीकरण अभी और किए जाने की जरूरत है। सांभर में संत दादू दयाल की छतरी, ख्वाजा हुसामद्दीन चिश्ती की दरगाह, देश की एकमात्र

- **प्रदेश भर में प्रसिद्ध देवयानी तीर्थ स्थल को पुष्कर तीर्थ स्थल की तर्ज पर पहचान दिलाई जाने की मांग की गई है**

मुख्य पीठ साध पूरसानाराम का दरबार, मां शाकंभरी का अति प्राचीन मंदिर सहित अनेक ऐसे हिस्टोरिकल स्थल है जहां पर पर्यटकों के अलावा लोग अपनी आस्था प्रकट करने के लिए दूरदराज से यहां आते हैं। यहां पर बाहर से आने वाले देशी-विदेशी पर्यटकों के लिए आरटीडीसी की तरफ से ऐसी व्यवस्था की जाए जिससे यहां आने वाले लोगों को सुविधा मिल सके तथा पर्यटकों को तमाम सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाए जो एक पर्यटन स्थल के लिए जरूरी है।

# 'रक्तदान जरूरतमंद के जीवन बचाने के साथ सेहत के लिए भी लाभदायक'

**लालसोट, (निसं)।** चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री परसादी लाल मीणा ने रक्तदान शिविर को संबोधित करते हुए कहा कि एक तरफ जहां रक्तदान जरूरतमंद के जीवन बचाने में सहायक साबित होता है तो दूसरी और रक्तदान करने वाले व्यक्ति की सेहत के लिए भी काफी लाभदायक होता है।

चिकित्सा मंत्री मीणा ने कहा कि रक्त एकमात्र मानव शरीर में ही उत्पन्न होता है इसलिए रक्त की कोई कीमत नहीं हो सकती है। वहीं प्रत्येक स्वस्थ व्यक्ति को नियमित अंतराल में रक्तदान

- **रक्तदान शिविर में 150 यूनिट रक्त एकत्रित**

जरूर करना चाहिए। आज निरंकारी भाई बहिनों के द्वारा रक्तदान के इस जोश को देखकर में बड़ा ही प्रभावित हूं। कहा की मेरे क्षेत्र में इस प्रकार के उच्च भाव वाले गुरु की बात को सर्वोपरी मानने वाले सेवादार रहते है इसका लाभ मुझे और मेरे क्षेत्र की जनता को मिलता रहता है।

रविवार को सतगुरु माता सुदीक्षा महाराज की असीम कृपा से संत निरंकारी मिशन ब्रांच डिडवाना रामगढ़ और लालसोट ने मिलकर लालसोट कस्बे में रक्तदान शिविर आयोजित किया। शिविर में करीब 210 रक्तदाताओं ने रजिस्ट्रेशन किया और 150 लोगो ने रक्तदाताओं ने रक्तदान किया। शिविर का उद्घाटन चिकित्सा मंत्री परसादी लाल मीणा ने किया, जोनल इंचार्ज सुनील बाली ने चिकित्सा मंत्री का स्वागत किया। संयोजक रतन लाल सैनी ने सभी ब्रांचों से आए रक्तदाताओं को रक्तदाता सर्टिफिकेट देकर उनका आभार व्यक्त किया।

वहीं लालसोट में पहली सीबीएसई आधारित निजी स्कूल का न्यू कॉलोनी में चिकित्सा मंत्री परसादी लाल मीणा एवं नगरपालिका चेयरमैन रक्षा मिश्र विधिवत फीता काटकर उद्घाटन किया। निजी स्कूल के निदेशक अभिषेक शर्मा ने स्कूल की विशेषताओं के बारे में बताते हुए कहा कि लालसोट में पहली सीबीएसई निजी स्कूल है जिसमें सीबीएसई पैटर्न पर शिक्षा बच्चों को सीखने को मिलेगी। स्कूल के उद्घाटन समारोह के दौरान नगर पालिका चेयरमैन रक्षा मिश्रा, पंचायत समिति प्रधान नाथू लाल मीणा, पूर्व जिला परिषद सदस्य बृजमोहन थानेदार पूर्व सरपंच दीपक पटेल सहित स्कूल का स्टाफ व कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।



**लालसोट उपखंड मुख्यालय पर आयोजित रक्तदान शिविर में चिकित्सा मंत्री परसादी लाल मीणा ने लोगों को संबोधित किया।**

## चारागाह भूमि से हो रहा अवैध खनन

**मनोहरपुर, (निसं)।** नगरपालिका के वार्ड नंबर 1 प्रतापपुरा ढाणी के पास में स्थित चारागाह भूमि पर प्रशासनिक मिलीभगत के चलते अवैध रूप से जेसीबी चला कर के मिट्टी निकालने का कार्य किया जा रहा है। जिससे यहां के लोगो में रोष व्याप्त है। ग्रामीणों ने वन विभाग के अधिकारियों को अवगत करवाकर मिट्टी दोहन के कार्य पर रोक लगाने की मांग की है।

जानकारी के अनुसार पिछले 3 महीनों से लगातार जेसीबी के माध्यम से अवैध रूप से मिट्टी का दोहन कर मिट्टी ले जाने का कार्य किया जा रहा है। रमेश कसाना ने बताया कि चारागाह भूमि पर अवैध रूप से कुछ लोगों के द्वारा जेसीबी चलाकर मिट्टी निकालने का कार्य किया जा रहा है। जब ग्रामीणों ने इसका विरोध किया तो जेसीबी का मालिक मौके से भाग गया। जिसपर ग्रामीणों ने मामले की सूचना वन विभाग के अधिकारियों को दी ।

हल्का पटवारी राजेंद्र गुर्जर का कहना है कि मामले की जानकारी मिली है। मौके पर जाकर गिरदावर की रिपोर्ट करवा कर अवैध रूप से जेसीबी चलाने वाले लोगों पर कठोर कार्रवाई की जाएगी। वन विभाग के फॉरेस्ट्रर बाबूलाल मीणा का कहना है कि प्रतापपुरा में अवैध रूप से मिट्टी दोहन के बारे में जानकारी मिलने पर वे मौके पर गए थे। जहां जंगला से थोड़ी दूरी पर जेसीबी मशीन चला कर मिट्टी का दोहन किया हुआ है।

# सुनील सागर महाराज ने एकजुट रहने का संदेश दिया



**किशनगढ़ बास जैन मंदिर में जैन समाज के संत आचार्य सुनील सागर महाराज ने प्रवचन दिया।**

**किशनगढ़ बास, (निसं)।** अलवर भिवाड़ी हाईवे मार्ग पर अलवर से तिजारा देहरा जैन मंदिर के लिए रवाना हुए आचार्य सुनील सागर महाराज करीब 30 किलोमीटर की यात्रा के बाद किशनगढ़ बास से 2 किलोमीटर दूर स्थित बंबोरा घाटा प्राचीन हनुमान मंदिर पर रुके और रात्रि विश्राम किया। इस दौरान उनके साथ 59 पीचछी ससघ संत मुनियों सहित जैन समाज के लोग मौजूद थे।

संत सुनील सागर महाराज ने समाज के लोगों को आशीर्वचन स्वरूप प्रवचन देते हुए कहा प्रभु भक्ति और गुरु से ज्ञान अर्जित कर जीवन को सार्थक दिशा प्रदान की जा सकती है और कहा अगर सिद्धांत अटल होंगे तो संस्कृति और संस्कार भी अटल होंगे तथा किसी भी कार्य के लिए दृढ़ता और दृढ़ संकल्प का होना जरूरी है साथ ही उन्होंने समाज के लोगों को एकजुट होकर रहने और बुराइयों से दूर रहने का संदेश दिया।

इस अवसर पर समाज के लोगों ने संत आचार्य श्री सुनील सागर जी महाराज सहित उनके साथ पहुंचे संत मुनियों का श्रीफल भेंट कर आशीर्वाद प्राप्त किया। करीब एक घंटा ठहराव के बाद आचार्य श्री सुनील सागर महाराज की यात्रा तिजारा के लिए रवाना हो गई।